हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 11 मई 2024



12 ब्राह्मण सभा ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



12 मदर्स डे पर 200 महिलाओं को किया सम्मानित

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** शहर थाना पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जसबीर कौर पत्नी वीरपाल सिंह निवासी देसुजोधा की शिकायत पर उसके बेटे का रास्ता रोककर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान एक आरोपी धर्मप्रीत उर्फ गुल्लु पुत्र जीत सिंह निवासी किंगरा को गिरफ्तार किया है।

### दो युवक 6.20 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**डबवाली।** पुलिस टीम बठिंडा चौक से बठिंडा पुलिस नाके की ओर जा रही थी। इस दौरान गली से एक व्यक्ति आया और पुलिस की गाड़ी देखकर तेजी से वापस जाने लगा। पुलिस ने उसको रोककर तलाशी ली तो 6 ग्राम 20 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान बलराज सिंह उर्फ विक्की पुत्र मिठु सिंह निवासी डबवाली व सप्लायर की पहचान बेअंत सिंह उर्फ रुबी निवासी डुमवाली के रुप में हुई है।

### युवक 7 किलो चूरापोस्त सहित गिरफ्तार

**कालांवाली।** पुलिस ने प्रकाशो महंत वाली गली में टी प्वाईंट पर गली में एक दुकान के आगे एक युवक को संदिग्ध हालात में खड़े देखा। पुलिस ने उक्त युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 7 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान कृष्ण लाल उर्फ नेपाली पुत्र दुर्गादास निवासी वार्ड नंबर 5 कालांवाली के रूप में हुई है। आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### घर से नकदी चोरी के आरोपी को दबोचा

**कालांवाली।** कालांवाली थाना पुलिस ने तायल पुत्र सतपाल निवासी कालांवाली की शिकायत पर उसके घर से एक बैग व अलमारी से 10 हजार रुपए चोरी का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान रणदीप उर्फ संदीप उर्फ बग्गा पुत्र जगसीर निवासी तारुआना के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जा से चोरीशुदा राशि बरामद कर ली है।

### सिरसा न्यायालय में लोक अदालत आज

**सिरसा।** जिला न्यायालय परिसर में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम में केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव प्रवेश सिंगला ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें कोई भी इच्छुक अपने केसों के निपटारे के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### मंडी में गेहूं का उठान न होने से आहत आढ़तियों का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

# आढ़ती बोले, मंडी से भरी व गोदाम में खाली गाड़ी का सर्कल लागू नहीं होने तक उठान को नहीं मानेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गेहूं उठान को लेकर अनाज मण्डी के बाहर धरना देते आढ़ती।

अनाज मण्डी में गेहूं का उठान न होने से क्षुब्ध व्यापारियों ने शुक्रवार को दूसरे दिन भी अपनी हड़ताल जारी रखी। व्यापारी अनाज मण्डी के गेट नं. 1 के बाहर धरने पर डटे रहे और शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

इससे पूर्व वीरवार शाम को डीएफएससी विनीत पूनियां, हैफेड के डीएम राजेश हुड्डा व वेयर हाऊस के डीएम सुमित कुमार ने व्यापारियों को आश्वासन दिया था कि प्रतिदिन 60 हजार बैग का अनाज मण्डी से उठान किया जाएगा। शुक्रवार को मण्डी से 60 हजार बैग ट्रक में लोड हुए। व्यापारियों का कहना था कि जब तक ट्रक किरढ़ान में खाली होकर वापस दोबारा भरने नहीं आते, तब तक वे धरने पर डटे रहेंगे। यानि कि व्यापारी इस बात पर अडिग है कि मण्डी से ट्रक भरा जाए और सदलपुर गोदाम से अनलोडिंग होकर वापस आए। इसी सर्कल को ही वे गेहूं का उठान मानेंगे। मण्डी के प्रधान जगदीश भादू का कहना है कि खरीद एजेंसियों के अधिकारियों ने अपने आश्वासन अनुसार मण्डी से गेहूं का उठान तेज नहीं किया तो आढ़ती व मजदूर मण्डी के सभी गेटों को बंद कर धरने पर बैठे रहेंगे और जिला प्रशासन का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। व्यापारियों ने कहा कि जिला अधिकारी दफ्तरों में बैठकर मण्डी से उठान तेज होने का ढोल पीट रहे हैं लेकिन उन्हें मण्डी की वास्तविक स्थिति का पता नहीं है। इन अधिकारियों को दफ्तरों से बाहर निकलकर मण्डी में आकर यहां के हालातों का जायजा लेना चाहिए ताकि उन्हें सच्चाई का पता चल रहे। व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू ने कहा कि पिछले एक महीने से गेहूं का सीजन चल रहा है। जमींदारों ने सीजन शुरू होते ही एक हफ्ते में अपनी गेहूं की फसल मण्डी में पहुंचा दी थी लेकिन खरीद एजेंसी के अधिकारियों ने आवक को देखते हुए उसके उठान को लेकर गंभीरता से कोई प्रयास नहीं किए। हालात यह है कि पिछले 10 दिन से मण्डी में गेहूं नहीं आ रही, इसके बावजूद शहर की दोनों अनाज मण्डियां गेहूं की बोरियों से अटी पड़ी है। एक तरफ गेहूं का उठान न होने से मण्डी के आढ़तियों और जमींदारों का करीब 100 करोड़ का भुगतान रूका पड़ा है वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी में खुले में रखा गेहूं सूख रहा है और इस घटौती की भरपाई भी आढ़तियों से की जा रही है। व्यापार मंडल ने एक महीने पहले ही प्रशासन को चेता दिया था कि अगर फतेहाबाद मण्डी में डीएफएससी ने खरीद नहीं की तो मण्डी के बुरे हालात हो जाएंगे लेकिन अधिकारी नहीं माने।

- शुक्रवार को 60 हजार बैग ट्रक में लोड हुए

### किरढान से अनलोड होकर नहीं लौटे ट्रक

फतेहाबाद मण्डी से गेहूं के 60 हजार बैगों से ट्रक भरकर किरढ़ान वेयर हाऊस के गोदाम में गए हैं लेकिन वहां से खाली होकर वापस नहीं आए। दरअसल वहां अनलोडिंग के लिए लेबर नहीं है। कल सुबह तक देखेंगे कि किरढ़ान से ट्रक वापस आकर लोडिंग करते हैं तो धरना हटा लिया जाएगा अन्यथा धरना अनिश्चितकालीन चलता रहेगा।
-जगदीश भादू, प्रधान व्यापार मंडल अनाज मंडी फतेहाबाद

### 4 दिन में शत-प्रतिशत होगा उठान : डीसी

व्यापारियों के आंदोलन के बाद प्रशासन भी सकते में है। जिला उपायुक्त राहुल नरवाल का कहना है कि जिला की मंडियों और खरीद केंद्रों पर उठान का कार्य तेजी से जारी है। अब तक 83 प्रतिशत से ज्यादा का उठान किया जा चुका हैं। खरीद एजेंसियों द्वारा प्रतिदिन 60 हजार बैग गेहूं के उठाये जा रहे हैं। जिला में आगामी चार दिनों में फतेहाबाद मंडी पर सभी उठान कर लिया जाएगा। अब 567298 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है, जो खरीद का 83.83 प्रतिशत है।

आज हालात यह हो गए हैं कि मण्डी में अब भी 6 लाख बैग गेहूं के रखे हुए हैं और व्यापारियों और जमींदारों का करीब 100 करोड़ सरकार की तरफ बकाया पड़ा है। एक-एक किलो प्रति बैग की घटौती आई हुई है। व्यापारी को 46 रुपये आढ़त मिलेगी जबकि 52 रुपये उनके काटे जाएंगे। आढ़तियों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आश्वासन के अनुसार एक दिन में 60 हजार बैगों की लिफ्टिंग नहीं की गई तो आढ़ती व मण्डी मजदूर यूं ही धरना जारी रखेंगे और जरूरत पड़ी तो जिला प्रशासन का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर व्यापार मंडल अनाज मण्डी के सभी पदाधिकारी, काफी संख्या में आढ़ती व मण्डी मजदूर मौजूद रहे।

# किसानों ने घेरा लघु सचिवालय मनाने के लिए गेट पर आए डीसी

**फतेहाबाद।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों द्वारा शुक्रवार को पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर शहर में प्रदर्शन किया गया। अनाज मण्डी से प्रदर्शन करते हुए सैंकड़ों किसान लघु सचिवालय पहुंचे और सचिवालय का घेराव करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने लघु सचिवालय के दोनों गेटों को बंद कर दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रधान मनदीप नथवान ने किया। इससे पूर्व अनाज मण्डी में किसान महापंचायत का भी आयोजन किया गया। महापंचायत का मंच संचालन प्रदेश महासचिव संदीप सिवाच ने किया। इस पंचायत में संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय नेता कुलवंत सिंह संधू, बूटा बुर्ज गिल, रूलदू मानसा, सुरेश कोथ, विकास सीसर, जगदीप ओलख, सुखविंदर सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही उपायुक्त राहुल नरवाल एसडीएम राजेश कुमार के साथ वहां पहुंचे और किसानों से बातचीत की। किसानों में इस बात को लेकर काफी गुस्सा था कि वीरवार को जब सैंकड़ों किसान अपनी समस्या लेकर लघु सचिवालय पहुंचे तो डीसी ने उनसे मुलाकात तक नहीं की थी। लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे किसानों से बातचीत के लिए उपायुक्त राहुल नरवाल उनके बीच पहुंचे और किसानों की समस्याओं को सुना। जिला प्रशासन और किसान नेताओं के बीच सकारात्मक माहौल में बातचीत हुई और जिला प्रशासन ने किसानों को आश्वासन दिया है कि उनकी जायज़ मांगो पर प्रशासन विचार करेगा। जिला प्रशासन द्वारा बातचीत कर उनकी समस्या का हल निकालने के प्रयास का किसान नेताओं ने संतोष जताया। उपायुक्त ने किसानों से कहा कि वे वीरवार को लोकसभा चुनाव संबंधी बैठकों के कारण मिल नहीं सके थे, इसलिए आज बातचीत के लिए बुलाया है। गौरतलब है कि किसान संघर्ष समिति कुछ मांगों को लेकर आंदोलन का रूख अपनाए हुई थी। शुक्रवार को स्वयं उपायुक्त राहुल नरवाल ने पहल करते हुए किसानों से बातचीत की। किसानों के साथ एक सकारात्मक माहौल में हुई बातचीत में प्रशासन ने किसानों को आश्वासन दिया है कि उनकी जायज़ मांगों को पूरा किया जाएगा। जिला प्रशासन के समक्ष किसान संघर्ष समिति के नेताओं ने मांग रखी की सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थक संघर्ष समिति के प्रधान मनदीप नथवान को धमकी दे रहे है, इस पर जिला प्रशासन ने उन्हें उचित जांच का भरोसा दिया और कहा कि न्याय करवाया जाएगा। संघर्ष समिति की मांग के अनुरूप किसानों को फसलों के मुआवज़ा वितरण में आ रही दिक्कतों को भी प्रशासन जल्द दूर करेगा और जिन किसानों की खराब हुई फसल का मुआवज़ा नहीं मिला है उन्हें नियमानुसार दिलाया जाएगा। जिला की पैक्स में खाद ना मिलने की शिकायत थी, उस पर उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि किसानो को खाद उपलब्ध कराई जाएगी, किसी स्तर पर कोई लिकेज है तो उसे दुरुस्त किया जाएगा। जिला में खाद की कोई कमी नहीं है, सभी किसानों को उनकी मांग अनुसार खाद उपल्धब करवाई जाएगी। नशे के विरुद्ध भी प्रशासन सख्त रुख अपनाएगा और इस काम में शामिल लोगों पर क़ानूनी कारवाई की जाएगी। मंडियों से गेहूं उठान पर उपायुक्त ने किसानों को बताया कि जिला की मंडियों से 83 प्रतिशत उठान हो गया है और आने वाले दिनों में इसे शत-प्रतिशत किया जाएगा। इसमें कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कारवाई करेंगे। किसानों को समय पर गेहूं खरीद की पेमेंट करवाई गई है।



फतेहाबाद। किसानों से बातचीत करते उपायुक्त राहुल नरवाल।

- किसानों को दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन
- चुनाव व्यस्तता के कारण किसानों से नहीं मिल पाया

# रेंडमाइजेशन से 978 बूथों के लिए पोलिंग स्टाफ की ड्यूटी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला नर्विाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से जिला के सभी 978 पोलिंग बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों की ड्यूटियां लगा दी गई है।

उन्होंने बताया कि कालांवाली विधानसभा क्षेत्र में 187 पोलिंग पार्टियों की ड्यूटियां लगाई गई है तथा 28 पार्टियों की ड्यूटी रिजर्व में रहेगी। इसी प्रकार डबवाली में 213 पोलिंग पार्टियों की ड्यूटियां रहेगी तथा 32 पार्टियों की ड्यूटी रिजर्व में रहेगी। रानियां में 186 पोलिंग पार्टियों तथा 28 पार्टियों की ड्यूटी रिजर्व में रहेगी, सिरसा में 204 पोलिंग पार्टियों की ड्यूटियां रहेगी तथा 31 पार्टियां रिजर्व में रहेगी। साथ ही ऐलनाबाद में 188 पोलिंग पार्टियों की ड्यूटियां लगाई गई है तथा 28 पार्टियां रिजर्व में रखी गई है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में 4 अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटियां रहेगी। उन्होंने बताया कि 7 ऐसे पोलिंग बूथ है जिनमें 5 अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटियां रहेगी, इनमें बूथ नंबर 13, 27, 61, 62, 123, 130 शामिल है। उन्होंने बताया कि रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत चुनाव के समय भारत नर्विाचन आयोग की नियमावली के अनुसार पोलिंग स्टाफ के रूप में विभन्नि विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटियां नर्धिारित की गई हैं। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी इसमें किसी प्रकार की कोई आशंका या गलती की संभावना नहीं है। सभी बूथों पर नष्पिक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा कुछ पोलिंग पार्टियां रिजर्व में भी रहेंगी।

# कनाडा में पढ़ने की चाह में युवक ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- 27 लाख रुपये गंवाये, कानूनी कार्रवाई करने की मांग

विदेश जाकर पढ़ने की की चाह में शहर का एक युवक ठगी का शिकार होकर लाखों रुपये गंवा बैठा। अपने अरमानों पर पानी फिरता देख पीड़ित युवक ने इस बारे पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर उसके साथ ठगी करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को एसपी फतेहाबाद को दी शिकायत में ठाकर बस्ती निवासी साहिल ने कहा है कि वह स्टडी करने के लिए कनाडा जाना चाहता था। इस पर उसने अपने परिचित गौरव निवासी कोटकपुरा से बात की तो गौरव ने बताया कि उसका दोस्त कोटकपुरा में एक्सप्र इमिग्रेशन सर्विसेस सेंटर चलाता है। उसने उसकी बात डेविड अरोड़ा नामक युवक से करवाई। डेविड ने कहा कि कनाडा में अच्छी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए उसे 23 लाख रुपये खर्च करने होंगे। उसने दिसम्बर 2021 में अपने कागजात गौरव को भेज दिए व 90 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद डेविड ने उससे जीआईसी खाता खुलवाने, यूनिवर्सिटी में फीस भरने, वीजा प्रोसेस शुरू करने आदि खर्च के लिए पैसे मांगे तो उसने लाखों रुपये बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद डेविड ने उससे वीजा आने और टिकट के लिए कहा। इस पर उसने 50 हजार व 85 हजार ओर ट्रांसफर कर दिए। डेविड ने उससे दिल्ली से वेन्कूवर के लिए 17 अगस्त 2023 के लिए टिकट कन्फर्म होने की बात कही। 17 अगस्त को वह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा तो वहां डेविड के पार्टनर ने उसे टिकट व अन्य दस्तावेज दिए जिससे वह कनाडा पहुंच गया। जब वह कनाडा में बताई गई यूनिवर्सिटी में पहुंचा तो उसे पता चला कि वहां उसका एडमिशन नहीं हुआ है। उसने डेविड से बात की तो उसने इस यूनिवर्सिटी में सीटें पूरी होने पर दूसरी यूनिवर्सिटी में फीस ज्यादा होने पर 5 लाख मांगे जोकि उसके परिजन कोटकपुरा जाकर दे आए। इस तरह वह कुल 27 लाख 3200 रुपये डेविड को अदा कर चुका है। इस पर डेविड ने उससे कैमब्रिडा कॉलेज सरी में फीस जमा होने की बात कही। जब वह कॉलेज पहुंचा तो उसे पता चला कि वहां कोई फीस नहीं हुई थी और न ही उसका एडमिशन हुआ था। डेविड ने उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बाद में डेविउ ने उससे कहा कि वह वापस इंडिया आ जाए, वह फीस वापस कर देगा। जनवरी 2024 में वह वापस इंडिया आ गया। जब वह डेविड से मिला तो वह लगातार उन्हें टरकाता आ रहा है।

उसने उन्हें झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। साहिल ने डेविड पर उससे 27 लाख रुपये हड़पने और उसे आर्थिक व मानसिक तौर पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायत दी है।

### सिरसा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक

# वोटर क्यू एप देगा बूथ पर लाइन की जानकारी

- बीएलओ अपने साथ अपडेटिड मतदाता सूची रखें : आरके सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। बीएलओ की बैठक लेते जिला निर्वाचन अधिकारी।

जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह ने शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एनआईसी वीडियो कॉफ्रेंस कक्ष में सिरसा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ से कहा कि वे अपने साथ अपडेटिड मतदाता सूची रखें ताकि मतदान करने के लिए आने वाले नागरिकों को कोई परेशानी न आए।

साथ ही अपने संबंधित पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण करते रहें। यदि पोलिंग बूथों में किसी भी प्रकार की कोई कमी है तो उसे समय रहते दुरुस्त करवाएं। उन्होंने कड़े नर्दिेश दिए कि चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार की कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लापरवाही करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि वे वोटर्स इन क्यू एप चलाने का अच्छी तरह से प्रशक्षिण लें। मतदान के दिन सभी बीएलओ हर आधा घंटे बाद मतदान करने के लिए पहुंचे मतदाताओं की संख्या को वोटर्स इन क्यू एप पर अपडेट करेंगे।

इसमें वोट डालने के लिए लाइन में लगे लोगों की कुल संख्या, महिला और पुरूषों का डाटा भी अपडेट किया जा सकेगा। इस एप के माध्यम से मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर वोटरों की संख्या की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकेंगे। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजेंद्र कुमार, डीआईओ सिकंदर, तहसीलदार चुनाव रोहित, लेखाकार मक्खन सिंह, प्रोग्रामर कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी व बीएलओ मौजूद रहे।

### लोस चुनाव के चलते जिले में धारा 144 लागू

**फतेहाबाद।** जिला में आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर रखते हुए जिलाधीश राहुल नरवाल ने भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू की है। आदेशों में कहा गया कि इस प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति को अपने साथ अग्रिय शस्त्र व अन्य प्रकार के हथियार लेकर चलने पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। जिलाधीश राहुल नरवाल ने आर्म्स एक्ट 1959 के अनुसार जिला के सभी लाइसेंस धारकों को आदेश दिए गए है कि वे अपने हथियार अपने नजदीकी पुलिस थानों में अथवा मंजूरशुदा आर्म डीलर के पास 7 दिन के अंदर-अंदर जमा करवाए। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार नागरिकों के हथियार 9 जून तक जमा रहेंगे।

# पुलिस व अर्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च

- जनता से असामाजिक तत्व के बहकावे में न आने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां





सिरसा। रानियां क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालते पुलिस व अर्धसैनिक बल।

जिला पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक के दिशा नर्दिेशानुसार शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रानियां थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआरपीएफ की महिला टुकड़ी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, नष्पिक्ष एवं स्वतंत्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

पुलिस प्रवक्ता सुरजीत सिंह सहारण ने बताया कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने हैं। रानियां क्षेत्र में लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं नष्पिक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने पैरामिलट्री फोर्स के जवानों के साथ मिलकर थाना रानियां के क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक वक्रिांत भूषण व रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस व पैरामिलट्री की फोर्स की टीमों का फ्लैग मार्च बस स्टैंड, मैन बाजार, नाकोडा बाजार, बीडीपीओ आफिस, दीप प्लेस, बालासर रोड, जीवननगर रोड, अनाज मंडी, डेरा सच्चा सौदा रोड व गौशाला रोड सहित तक के एरिया के विभन्नि वार्डों की गलियों व मार्गों से होकर गुजरा। जनता से अपील की गई कि वह चुनाव के समय किसी भी असामाजिक तत्व के बहकावे में न आकर किसी प्रकार के लालच देने वालों की सूचना तुरंत अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम में दें। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने में व पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।



पोलर बियर 100 में से औसतन सिर्फ 2 बार ही अपने शिकार को पकड़ पाते हैं।






बोटो गुलाबी रंग के डॉलफिन की दुर्लभ प्रजाति है जो अमेज़न नदी में पायी जाती है।



# क्या है बॉम्बे आर्ट कोर्स, कैसे बनाएं करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## युवाओं की पहली पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## क्या है कोर्स

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑर्गेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेंचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## कोर्स के लिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**कैसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

---

अच्छी सैलरी के साथ-साथ पशु प्रेम दिखाने का मौका मिलता

# पशु-पक्षियों की सेवा की भावना रखते हैं तो पशु चिकित्सक में बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## बड़े स्तर पर मिलते जॉब के ऑप्शन

पशु चिकित्सक (वेटरनरी डॉक्टर) पशु पक्षियों का उपचार करता है जिस तरह से मनुष्यों का इलाज करने के लिए भारत और दुनिया भर में तरह-तरह के डॉक्टर पाए जाते हैं, ठीक उसी प्रकार पशु पक्षियों का इलाज करने के लिए भी डॉक्टर होते हैं उन्हें पशु चिकित्सक या पशु डॉक्टर कहते हैं। विज्ञान में पशु चिकित्सक की एक श्रेणी है, जिसके अंतर्गत पशु और पक्षियों का इलाज करवाया जाता है। आज का समय पूरी तरह से बदल चुका है आज से 500 वर्ष आज के समय की तरह अविष्कार उपचार इत्यादि कुछ भी नहीं थे, लेकिन आज मनुष्य का हर तरह से इलाज किया जाता है। आज के समय में गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज कर दिया जाता है। विभिन्न प्रकार के तरीकों से हर संभव प्रयास करके मनुष्य को बचाया जाता है। इसी तकनीकी और एजाज के विस्तार के आधार पर विज्ञान आधारित पशु चिकित्सक प्रणाली भी बनाई गई है, जिसके तहत पशु एवं पक्षियों का इलाज भी करवाया जाता है।









## पशु चिकित्सक शिक्षण संस्थान में आवेदन

- आप जिस यूनिवर्सिटी से पशु चिकित्सक का कोर्स करना चाहते हैं, उसे यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाएं।
- अब यूजर नेम और पासवर्ड की मदद से लॉगिन करें।
- अब यूनिवर्सिटी की ऑफिसल वेबसाइट पर उस कोर्स का चयन करें, जैसे आप करना चाहते हैं।
- अब होम पेज पर आपको संबंधित सभी शैक्षणिक योग्यता दिखा दी जाएगी।
- अब आपके सामने आवेदन फार्म खुल जाएगा।
- आवेदन फार्म को सही तरह से भरें तथा संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करें।
- अब प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें।
- रजिस्ट्रेशन करने के बाद आपका प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकन स्वीकार हो जाएगा।
- अब प्रवेश परीक्षा पास करके शिक्षण संस्थान में पशु चिकित्सा का कोर्स कर सकते हैं।

## 10वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

पशु चिकित्सक बनाने के लिए दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का चयन करके पशु चिकित्सक बन सकते हैं। दसवीं कक्षा पास करने के बाद वेटरनरी डॉक्टर बनने के लिए निर्धारित किए गए सभी कोर्स को भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान से कर सकते हैं। जैसे– भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली। पशु चिकित्सा महाविद्यालय तमिलनाडु। वेंकटेश्वर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय तिरुपति। पशु चिकित्सा महाविद्यालय बेंगलुरु इत्यादि देश के विभिन्न पशु चिकित्सालय संस्थान से डिप्लोमा कर सकते हैं। इन सभी पाठ्यक्रम के अंतर्गत पशु चिकित्सा में डिप्लोमा की डिग्री प्राप्त करने के बाद ऑल इंडिया प्री वेटरनरी टेस्ट देकर पशु चिकित्सा में बैचलर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसमें डिप्लोमा इन वेटरनरी फार्मेसी, डिप्लोमा इन एनिमल हसबेंडरी एंड डेयरिंग, डिप्लोमा इन वेटरनरी अस्सिटेंट, डिप्लोमा इन वेटरनरी लैब टेक्नीशियन जैसे पाठक्रम निर्धारित किए गए हैं।

## सदियों से पशुओं की सेवा की जाती

हमारे भारत में जहां सदियों सदियों से पशु पक्षियों की सेवा की जाती आ रही है। लेकिन विदेशों में आज के समय में लोग पशु पक्षियों के प्रति प्रेम दिखाते हैं कुछ पशु पक्षियों का पालन करते हैं। इसी आधार पर संपूर्ण दुनिया में पशु चिकित्सक प्रणाली का विस्तार हुआ है। वर्तमान समय में दुनिया भर में पशु चिकित्सक बने हुए हैं। पशुओं के अस्पताल बने हुए हैं। इसीलिए वहां पर पशुओं के उपचार के लिए शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान समय में लगभग प्रत्येक पशु पक्षी का उपचार करना संभव है। आज के समय में शिक्षा पद्धति और विकास के नए पशु पक्षियों का इलाज किया जा रहा है, तो आजकल पूरी जानकारी के साथ विस्तार से बताएंगे कि पशु चिकित्सक कैसे बनें?

## क्या होता है पशु चिकित्सा

*जिस तरह से मनुष्य का इलाज करने हेतु विज्ञान में चिकित्सा की एक पद्धति है। ठीक उसी प्रकार विज्ञान के अंतर्गत पशु एवं पक्षियों का इलाज और उसका उपचार करने के लिए चिकित्सा की एक विशेष शाखा मौजूद है जिसे पशु चिकित्सा कहते हैं। मनुष्यों की तरह पशु पक्षियों में भी समय-समय पर तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है। उन्हें भी तरह के रोग होते हैं। इसके अलावा चोट लगना घाव लगना शरीर के अंग का कटना तथा विभिन्न प्रकार की शारीरिक समस्याओं से पशु पक्षियों को बचाने के लिए विज्ञान की शिक्षा पद्धति के आधार पर इनका उपचार करने हेतु पशु चिकित्सा होती है। पशु एवं पक्षियों का विभिन्न प्रकार का इलाज करने के लिए शिक्षा पद्धति को ग्रहण करना होता है। उसके बाद ही कोई भी व्यक्ति पशु चिकित्सक बनकर पशुओं का इलाज कर सकता है। आज के समय में लोग पशु और पक्षियों को काफी महत्वता दे रहे हैं इसीलिए बड़े पैमाने पर लोग पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं। आज के समय में पशु चिकित्सक बनकर लोग एक बेहतरीन करियर विकल्प देखते हैं क्योंकि सरकार की तरफ से संपूर्ण भारत में जगह जगह पर पशु चिकित्सालय आरंभ किए गए हैं। इसके अलावा पशु चिकित्सक आने पर भी सरकार द्वारा जोड़ दिया जा रहा है। पशु चिकित्सक को अच्छी सैलरी मिलती है। इसीलिए आज के समय में अधिकांश चिकित्सक बनना चाहते हैं।*

## जरूरी योग्यता

- *विद्यार्थी को कम से कम दसवीं कक्षा पास करनी होगी।*
- *दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा की डिग्री हासिल करनी होगी।*
- *12वीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सक बनाने के लिए कम से कम 50% अंक हासिल करने होंगे।*
- *बारहवीं कक्षा जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान के तहत पास करनी होगी।*
- *पशु चिकित्सक बनने के लिए एआईपीवीटी या नीट यूजी एंट्रेंस एग्जाम को पास करना होगा।*

## 12 वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

12वीं कक्षा पास करने के बाद अगर आप पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो आपको केमिस्ट्री, बायोलॉजी और फिजिक्स जैसे प्रमुख विषयों के अंतर्गत पास करनी होगी। महत्वपूर्ण विषयों से 12वीं कक्षा पास करने के बाद देश के विभिन्न बड़े और प्रमुख शिक्षण संस्थान में आवेदन लेकर पशु चिकित्सा के अंतर्गत बैचलर की डिग्री हासिल कर सकते हैं। पशु चिकित्सक बनने के लिए 12वीं कक्षा के पास करने के बाद निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं। बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी मेडिसन, बेचलर ऑफ बायो वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन एनिमल हेल्थ, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन बायो वेटरनरी(ऑनर्स), बेचलर ऑफ प्री वेटरनरी मेडिकल साइंस।

## पशु चिकित्सक संस्थान

- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली
- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, कर्नल
- पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान कॉलेज, बीकानेर
- सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
- मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
- अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चिदंबरम
- चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस
- गोविंद बल्लभपंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर
- जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़ी

---

# निष्पक्ष तरीके उम्मीदवार चयनित करने में संख्यात्मक प्रणाली मददगार



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अक्सर अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाता है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापने और मूल्यांकन करने के लिए होते हैं। इस प्रकार की प्रक्रिया में, हर उम्मीदवार को एक निश्चित संख्या या ग्रेड अनुमति दी जाती है, जो उनके क्षमताओं, योग्यताओं, और अनुभव को आधार मानकर निर्धारित किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रकार के परीक्षण, साक्षात्कार, और कौशल मापन के माध्यम से उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया जाता है। अंक या ग्रेड का उपयोग उम्मीदवारों की प्रतिभा को सार्वजनिक रूप से मापने के लिए किया जाता है। यह संख्यात्मक प्रणाली कंपनियों को विश्वसनीय और निष्पक्ष तरीके उम्मीदवारों को चयनित करने में मदद करती है।

## न्याय को बनाए रखने में मदद करती

इस प्रकार, अंक या ग्रेडिंग के माध्यम से संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन एक स्वाभाविक और संवेदनशील प्रक्रिया होती है, जो न केवल उम्मीदवारों को न्याय से मूल्यांकन करती है, बल्कि समाज में समानता और न्याय को भी बनाए रखने में मदद करती है। प्रतिस्पर्धा युवा पीढ़ी की संपूर्ण व्यक्तित्व पर सीधे प्रभाव डालती है, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक। इसका सकारात्मक प्रभाव है कि यह उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर प्रेरित करती है और उन्हें अपनी क्षमताओं को स्थायीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रतिस्पर्धा की भावना युवाओं में अभिनय की भावना को बढ़ाती है, जो उन्हें सफलता की दिशा में अग्रसर बनाती है। यह उन्हें सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर अधिक सक्रिय बनाती है और सामूहिक योजनाओं में भागीदारी को बढ़ावा देती है। हालांकि, प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक प्रभाव भी हो सकता है। यह युवाओं को अतिरिक्त तनाव और दबाव में डाल सकता है, जो उनकी मानसिक स्वस्थता को प्रभावित कर सकता है। समान क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के दबाव ने कई युवाओं को आत्म-विश्वास की कमी, चिंता और चिंता का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा के दौरान युवाओं के बीच सामाजिक दूरी और असन्तोष की भावना भी बढ़ सकती है। इसलिए, प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से देखने का महत्व है, लेकिन समानता और सहयोग की भावना को भी महत्व देना चाहिए। युवाओं को समझाया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा केवल एक अधिकार है, न कि उनकी आत्म-मूल्य का मापदंड। साथ ही, उन्हें स्वास्थ्यपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिसमें सहयोग, समानता, और सम्मान का वातावरण हो। संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाना एक प्रमुख प्रक्रिया है जो उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापती है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के कौशल, योग्यता, और अनुभव को मूल्यांकित करने में मदद करते हैं।

**प्रतिस्पर्धा की बढ़ती भावना:** संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करने में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग, उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ा सकता है। यह उन्हें अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और सफलता प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रेरित कर सकता है।

**आत्म-मूल्यांकन की भावना:** अंकों या ग्रेडिंग के प्राप्ति से उम्मीदवार अपनी क्षमताओं और क्षमताओं का मूल्यांकन करते हैं। यह उन्हें अपने स्वयं के लिए स्वावलंबी और सक्षम महसूस करने में मदद कर सकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य को करती प्रभावित

संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करते समय, उम्मीदवारों को अपने कौशलों और योग्यताओं के दावों को समर्थनित करने में दबाव महसूस हो सकता है। यह उन्हें अधिक अतिरिक्त काम करने के लिए प्रेरित कर सकता है। कम अंकों की स्थिति में स्वाभाविक आत्म-संदेह स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो युवाओं को डिप्रेशन की ओर ले जाती है। यह सामाजिक प्रतिस्पर्धा की भावना, स्वाभिमान का नुकसान, और अधिकतर मामूली असफलताओं के लिए अपने आप को दोषी मानने की भावना से जुड़ा हो सकता है। यह अवस्था युवाओं की मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है और उन्हें डिप्रेशन, तनाव, और अन्य मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या को हल करने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मेंटर्स या गुरुओं का उद्दीपन, उनके मार्गदर्शन, और समर्थन से युवा अपनी आत्म-संदेह को पराजित कर सकते हैं। मेंटर्स उन्हें संभावितताओं को देखने और समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे उन्हें सामान्यतः से बड़े दृष्टिकोण से समस्याओं को देखने और समाधान करने की कला सिखा सकते हैं। अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है, क्योंकि वे अपने बच्चों को आत्म-संदेह की स्थिति से बाहर आने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे अपने बच्चों को समर्थन प्रदान करते हैं, उन्हें समस्याओं का सामना करने के लिए उत्तेजित करते हैं, और उन्हें उनके क्षमताओं और पोटेंशियल के प्रति आत्म-विश्वास दिलाते हैं। साथ ही, मेंटल हेल्थ के लिए सामाजिक समर्थन का महत्व भी होता है। इसलिए, युवाओं को उनके परिवार, मित्र, और समुदाय के साथ संवाद करने और उनसे सहारा लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। सम्भवतः उपर्युक्त उपायों के माध्यम से, युवाओं को आत्म-संदेह की स्थिति से निकालने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$ * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### दवाई लेने आई महिला बेटे के साथ हुई लापता

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में दवाई लेने आई एक महिला के अपने 3 साल के बेटे के साथ लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव थेड़ी निवासी एक युवक ने कहा है कि गत दिवस उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ दवाई लेने फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में आई थी। गत दिवस वह काम के लिए गई थी और वापस नहीं लौटी है।

### पुलिस ने युवक को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए भूना पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना भूना पुलिस की टीम एएसआई विरेन्द्र के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर गश्त के दौरान गांव धौलू के बस स्टैण्ड पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिलने पर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है जिससे पास से 5.50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### 18 किलोग्राम डोडापोस्त सहित युवक काबू

**रानियां।** स्पेशल स्टाफ सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान गांव भड़ोल्यिांवाली क्षेत्र से गाड़ी सवार एक व्यक्ति को 18 किलोग्राम डोडापोस्त काबू किया है।
पुलिस अधीक्षक वक्रिांत भूषण ने बताया कि स्पेशल स्टाफ सिरसा के प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव भड़ोल्यिांवाली क्षेत्र में मौजूद थी। आरोपी की पहचान विका सिंह पुत्र गुरदास सिंह निवासी गांव भड़ोल्यिांवाली थाना रानियां जिला सिरसा के रूप में हुई है।

### अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ बैठक का आयोजन

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक सर्कल ऑफिस हिसार के प्रांगण में जिला अध्यक्ष रामकेश श्योराण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव पवन गुंदली ने किया। बैठक में प्रदेश महासचिव ओमबीर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, प्रदेश संगठन मंत्री विक्रम श्योराण व प्रदेश सह कोषाध्यक्ष विकास बैनीवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के समाधान को लेकर मांग पत्र तैयार किया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम ईशा खत्री ने बताया कि लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही हैं। यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करवा सकता है। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित विवादों का आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

# मां किसी एक विशेष दिन की हकदार नहीं : डॉ. एकता सिंधु

- छात्र-छात्राओं की माताओं ने साझा किए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मातृ दिवस पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ मनाया गया। बच्चों ने आज का दिन मां को समर्पित करते हुए मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपना निश्छल प्रेम मां के प्रति समर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. पूजा धीर भयाना क्लीनिकल डायरेक्टर ऑफ सोनाक्षी आईवीएफ, डॉ. मीना कंसलटेंट गाइनेकोलॉजिस्ट एट सोनाक्षी चिल्ड्रन हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर और प्रधानाचार्या नीलम राठी ने दीप प्रज्वलित करते हुए की। इसके बाद सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर नर्सरी से कक्षा पांचवीं के छात्रों और उनकी माताओं ने विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ-साथ उनकी माताओं को भी उनके कौशल का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं की माताओं ने अपने अनुभव साझा किए। बच्चों ने खुद से बनाए कार्ड अपनी माताओं को दिए। साथ ही डांस और सिंगिंग की प्रस्तुति दी। विद्यालय की संस्थापिका डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि मां किसी एक विशेष दिन की हकदार नहीं है, अपितु जीवन का हर क्षण उसको समर्पित होना चाहिए। मातृ-दिवस के दिन हमें यह शपथ लेनी चाहिए कि जीवन में हर दिन हम उनका आदर व सम्मान करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राठी ने कहा कि इस प्रकार के अद्भुत कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में अच्छे संस्कारों व मूल्यों का विकास होता है। वहीं मां की ममता एक ऐसी मूर्ति है, जो निःस्वार्थ भावना से अपने बच्चों की सेवा व देखभाल करती है इसके लिए हमें भी सदैव अपने माता-पिता का आभारी रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि मां की ममता और स्नेह और पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व को बनाने में अहम भूमिका निभाता है।






हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी तथा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि



हिसार। विजेताओं को सम्मानित करती प्रधानाचार्या नीलम राठी। फोटो : हरिभूमि



हिसार। चयनित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# गुजवि के पांच विद्यार्थियों को मिली प्लेसमेंट

- बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और दाई-इची लाइफ होल्डिंग्स, जापान की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी के बीच एक संयुक्त उद्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिवा प्रो. विनोद छोकर ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

ऑनलाइन प्री-प्लेसमेंट टॉक के दौरान रीजनल एचआर अमन रावत ने कहा कि स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस (एसयूडी लाइफ) भारत के दो प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और दाई-इची लाइफ होल्डिंग्स, जापान की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

दाई-इची लाइफ जापान की दूसरी सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी है और विश्व स्तर पर शीर्ष दस जीवन बीमा कंपनियों में से एक है, जो अच्छे उत्पाद ज्ञान, बेहतर संपत्ति प्रबंधन कौशल और जीवन बीमा व्यवसायों के प्रबंधन के लिए मजबूत परिचालन क्षमताओं के लिए प्रसिद्ध है। प्री-प्लेसमेंट वार्ता के बाद व्यक्तिगत ऑनलाइन साक्षात्कार आयोजित किए गए, जिसके आधार पर विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों को चयनित किया गया है।

### 39 विद्यार्थियों ने लिया भाग

प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने इस ड्राइव के संचालन के लिए स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के हरियाणा डिस्ट्रीब्यूशन के रीजनल एचआर अमन रावत को धन्यवाद दिया। इस ड्राइव में हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के लगभग 39 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### प्रमोद ने किया प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय

सहायक निदेशक डॉ. आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में 2024 पासिंग आउट बैच एमबीए जनरल के अमनदीप, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स के प्रमोद और एमकॉम की नीशू, श्वेता व अनीता शामिल हैं। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय प्रमोद द्वारा किया गया।

# साइबर ठगों ने यूट्यूब पर अश्लील वीडियो का डर दिखाकर युवक को लगाई 66 हजार की चपत

- अज्ञात नंबर से आई वीडियो कॉल पर युवती के साथ की थी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहर की एक पॉश कॉलोनी में रहने वाले एक युवक को यूट्यूब पर अश्लील वीडियो चलने का डर दिखा कर करीब 66 हजार रुपये का फ्रॉड किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर थाना पुलिस ने 2 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रिनू ने बताया कि वह हांसी के एचएसवीपी सेक्टर-6 की रहने वाला है और प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। युवक ने बताया कि 19 जनवरी को उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आई। वीडियो कॉल पर कोई लड़की बोल रही थी और उसने 30-40 सेकेंड उस युवती के साथ बात करने के बाद वीडियो कॉल को काट दिया। इसके बाद 20 जनवरी को उसके पास अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि आईपीएस अजय ठाकुर बोल रहा है और निशा कुमारी नाम की लड़की ने आपके खिलाफ अश्लील वीडियो कॉल करने को लेकर शिकायत कर रखी है, और उसकी वीडियो यूट्यूब पर चल रही है। कॉल करने वाले ने उससे कहा कि यदि आपको यूट्यूब से यह वीडियो डिलीट करवानी है तो मैं आपको एक मोबाइल दे रहा हूं आप उस मोबाइल नंबर पर बात करो। इसके बाद कॉल करने वाले ने उसको एक मोबाइल नंबर दिया। रिनू ने बताया है कि जब उसने दिए गए नंबर पर कॉल की तो सामने से बात करने वाले कहा कि अगर आपको यूट्यूब पर चल रही वीडियो को हटवाना है तो इसकी यूट्यूब द्वारा निर्धारित 22 हजार रुपये फीस लगेगी। इसके बाद उसने आरोपियों द्वारा बताए गए गूगल पे नंबर पर पहले 11090 व उसके बाद 11000 रुपये डाल दिए। इसके बाद आरोपी ने कहा कि प्रोसेसिंग में समय लग रहा है। उनके खाते में अभी रुपये नहीं आए हैं। उसके बाद आरोपी ने उसे दोबारा से रुपये डालने के लिए कहा। उसने कहा कि यदि आपके द्वारा पहले ट्रांसफर किए गए रुपये हमारे पास आ जाते हैं तो वह आपको वापस कर दिए जाएंगे। इसके बाद उसने आरोपियों के कहे अनुसार उनके गूगल पे अकाउंट में 11000 व 32500 रुपये और डाल दिए। उसने कहा कि इसके बाद भी उसके पास कॉल आई और कॉलर ने कहा कि तुम्हारी एक और वीडियो भी यूट्यूब पर चल रही है।

### परशुराम का जन्मोत्सव हवन कर मनाया गया

**हांसी।** श्री ब्रह्म यज्ञशाला एवं धर्मशाला सभा हांसी के प्रांगण में ब्राह्मण समाज द्वारा शुक्रवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। विप्र फाउंडेशन हांसी के अध्यक्ष शैलेंद्र भारद्वाज ने बताया की स्वर्गीय पंडित दीपचंद शर्मा एडवोकेट की प्रेरणा से शुक्रवार को ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया आचार्य गणेश द्वारा मंत्रो उच्चारण एवं विधि विधान के साथ यज्ञ किया गया पूर्ण आहुति पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता पंडित सुमन शर्मा ने डाली। इस अवसर उपस्थित ब्राह्मण समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए सुमन शर्मा ने कहा कि हांसी का ब्राह्मण समाज स्वर्गीय पंडित दीपचंद शर्मा के योगदान को कभी भुला नहीं सकता।

# स्वास्थ्य जागरुकता कैंप का आयोजन

- साधकों को योग अभ्यास करवाया गया तथा स्वस्थ जीवन शैली के बारे में वस्तिार पूर्वक बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

गांव जोडकिया में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया जिसमें गांव के बुजुर्गों, युवाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। एवाईएस हनुमान द्वारा उपयुक्त आहार विहार एवं ऋतुचार्य के बारे में वस्तिार पूर्वक बताया गया।

उन्होंने बताया कि सभी साधकों को योग अभ्यास करवाया गया तथा स्वस्थ जीवन शैली के बारे में वस्तिार पूर्वक बताया गया है। व्यायामशाला में आयोजित शिविर में 70 लोगों का शुगर एवं बीपी चेकअप किया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हमारे खानपान में बदलाव करके हम शुगर और बीपी जैसी बीमारियों से बच सकते हैं। नियमित योग अभ्यास किस प्रकार से हमारी स्वस्थ जीवन शैली में लाभप्रद होता है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के आदेश अनुसार एवं जिला योग सम्वयक डॉ. सुरेंद्र पाल के मार्गदर्शन में लगाया गया इसी श्रृंखला में ब्लॉक के गांव गिगोरानी, खेड़ी, रुपाणा एव साहूवाला में भी कैंप लगाए जा चुके हैं। इस मौके पर हनुमान, आइना, बजरंग, सुरेश कुमार, पवन कुमार, कपिल, स्नेहा, प्रीति, मनीषा, खेतपाल नंबरदार, प्रभु नंबरदार, राकेश देहडू आदि मौजूद रहे।



चोपटा। शिविर में भाग लेते ग्रामीण।

### विधायक दुड़ाराम व अवंतिका तंवर ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**फतेहाबाद।** सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर का चुनावी प्रचार अभियान जोरों पर है। शुक्रवार को फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम व डा. तंवर की धर्मपत्नी अवंतिका तंवर माकन भूना में पहुंची जहां डा. अशोक तंवर के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र से भारी भीड़ वहां पहुंची जिनमें महिलाओं की संख्या भी उल्लेखनीय थी। उद्घाटन के दौरान महिलाओं ने मंगलगीत गाते हुए डा. अशोक तंवर की जीत की कामना करते हुए दोहराया कि उनकी जीत ही आम और गरीब आदमी की जीत है। भूना में बरसाती पानी की निकासी, सीवरेज व अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर लोग पहले तरसते थे, मगर जब से देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तभी से यह क्षेत्र में एक विकसित इलाके के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भूना में जहां करोड़ों की परियोजनाओं पर काम हुआ तो वहीं भूना के बाहरी इलाकों में भी गलियां, सड़कों का निर्माण हुआ। इन विकासकारी योजनाओं का ही परिणाम हैं कि आज यहां लोगों की भीड़ आई है। उन्होंने कहा कि चाहे मौजूदा सरपंच और या पूर्व, चाहे नगरपार्षद हो या अन्य जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के मौजीज लोगों की मौजूदगी ये साफ दर्शा रही कि फतेहाबाद जिले से डा. अशोक तंवर जीत की भारी लीड लेकर आगे बढेंग़े ।

# राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्रभारी पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

- पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

सिरसा रोड स्थित श्री गुरू गोबिंद सिंह खेल स्टेडियम में संचालित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में चौथी कक्षा में अध्यनरत तीन छात्राओं ने वद्यिालय प्रभारी पर कक्षा में अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है।

उल्लेखनीय है कि वद्यिालय प्रभारी चौथी कक्षा की छात्राओं को पढ़ाते समय या कक्षा में राऊंड लगाते समय बुरी नीयत से बैड टच करता था। कई दिनों तक छात्राओं ने किसी को यह बात नहीं बताई, लेकिन जब शक्षिक की हरकतें बढ़ गई तो उन्होंने अपने अभिभावकों को यह बात बता दी। बृहस्पतिवार को पीड़ित छात्राओं के माता-पिता अन्य अभिभावकों के साथ शहर थाना में पुलिस के पास पहुंचे और शिकायत करते हुए आरोपी शक्षिक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई।

इस संबंध में महिला पुलिस थाना प्रभारी प्रेम कुमारी ने बताया कि शिकायत आई है और वद्यिालय प्रभारी बलवीर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है और शक्षिा विभाग को भी सूचना दे दी गई है।

### क्या बोले शिक्षा अधिकारी

खंड शक्षिा अधिकारी लक्ष्मण दास ने बताया कि राजकीय प्राथमिक वद्यिालय तीन बच्चियों के साथ गलत हुआ है। वद्यिालय प्रभारी ने उन्हें बैड टच किया है। मामले की वस्तिृत जांच की जाएगी, जिसके लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। रिपोर्ट आने के बाद विभागीय कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। बच्चियों को इंसाफ मिलेगा।



सिरसा । नरेश दड़ोलिया को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए।

### नरेश कुमार बने कानूनी विभाग के राज्य सचिव

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से एडवोकेट नरेश कुमार दड़ोलिया को कानूनी विभाग का राज्य सचिव बनाया गया है। नरेश कुमार दरोलिया की नियुक्ति पर एडवोकेट पंकज सिंगल, एडवोकेट संदीप गाबा, रघुबीर शर्मा, जतिन शर्मा, दक्ष शर्मा ने बधाई दी और भवष्यि के लिए शुभकामनाएं दी। अपनी नियुक्ति पर नरेश कुमार ने कहा कि जो जम्मिेदारी उन्हें दी गई है, उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का काम करेंगे।

### भाजयुमो के नेतृत्व में फतेहाबाद में सैकड़ों युवाओं ने निकाली बाइक रैली

**फतेहाबाद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आज शहर में बाइक रैली निकाली गई। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश भांभू के नेतृत्व निकाली गई बाईक रैली को विधायक दुड़ाराम ने भाजपा कार्यालय रवाना किया। शहर के विभिन्न चौकों, बाजारों, मोहल्लों से होते हुए बाइक रैली वापिस भाजपा कार्यालय पहुंची। बाईक रैली में युवा मोर्चा से जुड़े सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। फतेहाबाद, भट्टू, भूना और आसपास से सैंकड़ों की संख्या में युवा बाईक रैली में शामिल होने पहुंचे। बाइक रैली के माध्यम से युवाओं इलाके के मतदाताओं से भाजपा के उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर के लिए मतदान की अपील की। बाइक रैली को रवाना करते हुए विधायक दुड़ाराम ने कहा कि युवाओं का उत्साह देखकर कहा जा सकता है कि आज का युवा समझदार हो चुका है, उसे सही और गलत की पहचान समझ आने लगी है। देश का युवा ही देश का कर्णधार होता है आज युवा शक्ति अपनी नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ी है और यह वह शक्ति है जो विपक्ष को धारशाही कर नरेंद्र मोदी के भाजपा 400 पार के सपने को साकार करने में अपनी अहम भूमिका अदा करेगी। बाइक रैली में भट्टू मंडल अध्यक्ष संदीप नेहरा, मनजीत शर्मा, सुभाष, आर्यन सहित बड़ी संख्या में युवा शक्ति मौजूद रहे।

# जिला अंडर-19 व 23 का ट्रायल 13 मई को

**फतेहाबाद।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन फतेहाबाद की बैठक सचिव नरेश कुलड़िया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी प्रतियोगिताओं को लेकर चर्चा की गई और क्रिकेट टीम के चयन को लेकर ट्रायल का शैड्यूल तय किया गया। इस बारे जानकारी देते हुए सचिव नरेश कुलड़िया ने बताया कि अंडर-19 व अंडर 23 क्रिकेट टीम के चयन को लेकर ट्रायल 13 मई सोमवार को व अंडर-16 व सीनियर वर्ग की क्रिकेट टीम का ट्रायल 15 मई बुधवार को सुबह 7 बजे बाबा द्रोणागिरी क्रिकेट अकैडमी, ललौदा, टोहाना में लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंडर-19, अंडर-23 व सीनियर वर्ग के ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपना डिजीटल प्रमाण पत्र, 10वीं की मार्कशीट व आधार कार्ड अपने साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि अंडर-16 आयु वर्ग के खिलाफ अपना डिजीटल प्रमाण पत्र, स्कूल का बोनोफाइड सर्टिफिकेट व आधार कार्ड साथ लेकर आएं। नरेश कुलड़िया ने बताया कि अंडर-16 ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी का जन्म 1 सितम्बर 2008 व उसके बाद, अंडर-19 खिलाड़ी का जन्म 1 सितम्बर 2005 व उसके बाद व अंडर-23 खिलाड़ी का जन्म 1 सितम्बर 2001 व उसके बाद का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रायल को लेकर एसोसिएशन द्वारा सभी तैयारियां की जा रही हैं। इस ट्रायल में चयनित टीमें आगामी प्रतियोगिताओं में फतेहाबाद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### कर्मियों की मांगों को मुद्दों में शामिल करें प्रत्याशी

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन (हमसा) ने लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को ज्ञापन सौंपा और उनसे पूछा कि वे कर्मचारियों के किस-किस मुद्दे का समर्थन करते हैं। हमसा के राज्य प्रधान हितेन्द्र सिहाग ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों व मुद्दों को लेकर किए जा रहे आंदोलन के पहले चरण में सभी राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्षों को ज्ञापन सौंपा गया था। आंदोलन के दूसरे चरण में आज प्रत्याशियों को ज्ञापन सौंपने का अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत शुक्रवार को हिसार लोकसभा सीट से कांग्रेस व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश को अपना मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान उनसे मांग की गई कि कर्मचारियो की मांगों को भी अपने मुद्दों में शामिल किया जाए। इस मौके पर रोडवेज से शिव कुमार श्योराण, शिक्षा विभाग से देवेन्द्र शर्मा, विजय बाल्यान, टेकचंद, स्वास्थ्य विभाग से अनवर बेग, जगबीर सिहाग व बीएंडआर से राजेश जांगड़ा शामिल रहे।

## नागोरी गेट स्थित बड़ा जैन मंदिर में त्याग का सम्मान कार्यक्रम आयोजित

# अनीता जैन जाएगी साधिका आश्रम सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री दिगंबर जैन पंचायत हिसार के तत्वाधान में आज त्याग का सम्मान कार्यक्रम बहुत ही भव्यता के साथ नागोरी गेट स्थित बड़ा जैन मंदिर प्रांगण में किया गया। हमारे बीच में से ही निकालकर श्राविका श्रेष्ठ अनीता जैन को गृहस्थ जीवन का त्याग कर, साधिका आश्रम, सागर जा रही हैं। उन्होंने अपना घर, परिवार और सब को छोड़ दिया है। उन्होंने यहां गृहस्थ आश्रम में भी रहते हुए पूज्य गुरुदेव वीरसागर महाराज से द्वितीय प्रतिमा के व्रत धारण किए हुए हैं। सागर का यह साधिका आश्रम परम पूज्य संत शिरोमणी आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से सागर जैन समाज द्वारा स्थापित किया गया है और जो निरन्तर पूज्य आर्यिका रत्न दृढमति माता के कुशल निर्देशन एवम् मार्गदर्शन में संचालित है। वहां पहुंचे जाने के पश्चात अनीता जैन भी एक साधिका बन जाएगी और सप्तम प्रतिमा के व्रत धारण कर लेंगी। इसलिए इस बहुत ही आत्मिक और विशेष अवसर पर सारे दिगंबर जैन समाज ने सदभावनाएं उनको समर्पित करते हुए, भावना व्यक्त की जिस पथ पर अग्रसर होने का उन्होंने निर्णय किया है वह अपने साधना में सफल हो और अपने इस भव को सफल बनाएं।



हिसार। त्याग का सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित श्राविका श्रेष्ठ अनीता जैन व अन्य।

### पांच पापों से बचना चाहिए

*श्री दिगंबर जैन पंचायत हिसार द्वारा संचालित जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार की मुख्य अध्यापिका हेमा चावला ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में भी एक कार्यक्रम विद्यार्थियों को आशीर्वाद स्वरूप अनीता जैन के त्याग के सम्मान में आयोजित किया गया। जहां अनीता जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में जैन धर्म देशना मुताबिक 5 पापों से बचना चाहिए जैसे हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील एवं परिग्रह। श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष संजीव जैन सीए ने बताया कि अक्षय तृतीया के पावन पर्व का जैन दर्शन में काफी महत्व है।*

## खबर संक्षेप

### एडीसी 13 मई को लेंगे प्रभारियों की बैठक

**फतेहाबाद।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा अपने अभिभावकों को वोट डालने के लिए शपथ लेने तथा जिले के समस्त विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मतदान करने का संकल्प लेने बारे 13 मई को सुबह 10 बजे एक बैठक आयोजित की जाएगी। लघु सचिवालय में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी करेंगे।

### टोहाना में दुकान के ताले तोड़कर नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** टोहाना में एक युवक ने दुकान के शीशे वाले गेट का लॉक तोड़कर गल्ले में रखी 1 लाख 60 हजार की नकदी चोरी कर ली। गांव नांगला निवासी कैलाश कुमार ने कहा है कि उसका टोहाना में रतिया रोड पर हरियाणा ग्रामीण बैंक के पास बीसीए प्वाइंट नामक से दुकान है। गत दिवस दोपहर को वह दुकान के शीशे वाले गेट को लॉक करके किसी काम से बाजार गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि शीशे वाले गेट का ताला टूटा हुआ था। जब दुकान में गया तो दुकान के गल्ले का ताला टूटा हुआ था।

### अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन

**रतिया।** मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल रतिया में शैक्षणिक वर्ष 2024- 25 के लिए प्रथम अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। शैक्षणिक वर्ष की प्रथम बैठक में अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक के दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों के शैक्षणिक विकास तथा बाधाओं पर अध्यापकों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए निदान को लक्षित किया। शैक्षणिक वर्ष की प्रथम बैठक में विद्यालय प्रबंधक बसंत बत्रा भी मौजूद रहे।

### हैफेड ठेकेदार के मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**रतिया।** हैफेड में ठेकेदार की तरफ से मजदूरों को मजदूरी व रेट न दिए जाने पर ऑल फूड एलाइट लोडिंग अनलोडिंग मजदूर यूनियन द्वारा शुक्रवार को रतिया में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से इंकलाबी नौजवान सभा के गुरप्रीत गोपी पहुंचे। उन्होंने कहा कि मजदूर अपना खून पसीना एक करके काम करते हैं लेकिन सरकार द्वारा जो ठेका प्रथा चलाई जा रही है, उसमें मजदूरों का जमकर शोषण किया जा रहा है। ठेकेदारों के साथ मिल कर सरकार के लोग और

### फतेहपुरी में दुकान से हजारों के तार चोरी


**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव फतेहपुरी स्थित एक दुकान में घुसकर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव फतेहपुरी निवासी विनोद कुमार ने कहा है कि उसकी मकान के पास ही बिजली उपकरण ठीक करने की दुकान है। गत दिवस वह दुकान को बिना लॉक किए घर पर खाना खाने गया था। जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसकी दुकान से हजारों रुपये की तांबे की नई व पुरानी तारें गायब थी।

### ब्राह्मण सभा ने धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

# धर्म की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे भगवान परशुराम : दुड़ाराम

कार्यक्रम में ब्राह्मण सभा की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू को सम्मानित करते ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी।

श्री ब्राह्मण सभा फतेहाबाद द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में समाज से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इससे पूर्व वीरवार शाम को परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में शहर में भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई। शोभा यात्रा में 501 श्रद्धालु भगवान परशुराम की ध्वजा लेकर चले। शोभा यात्रा का शुभारंभ भगवान परशुराम मंदिर के महंत राजेश गिरी ने झंडी दिखाकर किया।

#### नगर में निकाली शोभायात्रा

बैंड बाजों के साथ निकाली गई शोभा यात्रा शहर के विभिन्न बाजारों से पहुंची जहां लोगों ने इसका भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा में भगवान शिव की झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रमुख समाजसेवी देवीदयाल तायल ने भाग लिया वहीं विशिष्ट अतिथि विधायक दुड़ाराम थे। अतिथियों ने भगवान परशुराम को नमन किया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर डॉ. उमेश शर्मा, डीएवी पुलिस स्कूल फतेहाबाद के प्रिंसीपल अरूण शर्मा भी मौजूद रहे। मंच संचालन टेकचंद शास्त्री, खैरातीखेड़ा ने किया। ब्राह्मण सभा के प्रधान रामनिवास शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सभा की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दुड़ाराम ने कहा कि धर्म की स्थापना, धर्म की रक्षा में भगवान परशुराम हमेशा तत्पर रहते थे। धर्म की रक्षा के लिए कितनी बार शस्त्र उठाए। न्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज एक ऐसा समाज जिसके कंधों पर केवल धर्म की रक्षा का भार नहीं बल्कि समाज के लोगों को शिक्षित करने, धर्म परायण बनाने का भी दायित्व है।

उन्होंने कहा कि सतयुग हौर त्रेतायुग या अब कलयुग हर युग में ब्राह्मण समाज को सवार्ेच्च स्थान पर मिला है। हमारे धर्म और ग्रंथों में भी ब्राह्मणों को विशिष्ट दर्जा प्राप्त है। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू, उपप्रधान राजेन्द्र बंसल, सचिव रमेश नागपाल, कोषाध्यक्ष प्रवीन गर्ग, ठाकुर भवानी सिंह, विजय गोयल, पूर्व सरपंच राजेंद्र खिलेरी, परशुराम सेना से विकास शर्मा एडवोकेट, सचिव रोहताश शर्मा, सुभाष शर्मा, बलवंत शर्मा, बलवान शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, ब्राह्मण सभा के सचिव बजरंग शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, परमजीत शर्मा, आरके कौशिक, मोहित शर्मा रतिया, डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. सीताराम शर्मा, अजय शर्मा एडवोकेट सहित सभा और समाज से जुड़े मौजिज लोग मौजूद रहे।

### परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**सिरसा।** विष्णु भगवान के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्री ब्राह्मण सभा सिरसा द्वारा शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान प्रो. दयानंद शर्मा ने की। भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर, कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा, जजपा प्रत्याशी रमेश खटक सहित अनेक गणमान्यों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सर्वप्रथम श्री गीता भवन मंदिर में ब्राह्मण सभा की ओर से हवन यज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने आहूति डाली। इसके बाद भगवान परशुराम चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर प्रो. दयानंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम महादेव के परम भक्त थे। उन्होंने शिवजी की कठोर तपस्या की थी, तब शंकरजी ने प्रसन्न होकर उन्हें दिव्य अस्त्र परशु यानी फरसा भेंट किया। भगवान परशुराम ने धरती को 16 बार अधर्मियों से मुक्त कराया था। भगवान परशुराम अन्याय, अत्याचार के खिलाफ एक मजबूत परिचायक थे, जिन्होंने अपने दौर के अन्यायियों को दंडित कर आमजन के साथ न्याय किया। इसके अलावा राक्षसों से साधु संतों की रक्षा की। प्रो. शर्मा ने कहा कि सभी जीवों का कल्याण करने वाले भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि वे सभी के भले के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज ब्राह्मण समाज के लोग सभी जगह सभी पदों पर आसीन हैं। कार्यक्रम के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव व मातृ दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन



**डबवाली।** शहर के नेहरू सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव व मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विभिन्नि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का आगाज भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष ज्योति प्रज्ज्वलित कर उनकी आरती के साथ किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय में डिंपल शर्मा, जसविद्रं मनकू व समता जुनेजा की देखरेख में भोजन सज्जा व रैंप वॉक प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें माताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान अध्यापिका दीक्षा सेठी व अध्यापक गौरव शर्मा की देखरेख में उपस्थित विद्यार्थियों व अभिभावकों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें भगवान परशुराम के जीवन से संबंधित व मातृ दिवस शक्ति पर आधारित प्रश्न पूछे गए। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता उप-प्रधानाचार्य दलीप जोयल व पुनीत सिंगला ने करवाई। विद्यालय के निदेशक हरि प्रकाश शर्मा ने कहा कि माता ही बच्चे की पहली गुरु होती है, जो अपने बच्चों को हमेशा जीवन में सही राह पर चलना सिखाती है। एक मां के द्वारा दिया गया ज्ञान बच्चों को सारी उम्र आगे बढने के लिए प्रेरित करता रहता है और मां नस्विार्थ भावना से बच्चों के प्रति अपना सारा जीवन समर्पण कर देती है।

### भाजपा ने धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**फतेहाबाद।** भाजपा के लोकसभा चुनावी कार्यालय में आज भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बीजेपी के जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने भगवान श्री परशुराम के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए और माता-पिता की सेवा करते हुए उनकी आज्ञा का पालना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शस्त्र विद्या के महान गुरु, भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम सत्य और धर्म की रक्षा करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने समाज को संगठनात्मक शक्ति का आधार प्रदान किया।

## दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां

रानियां थाना पुलिस ने एसपी के आदेशों पर दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। जिन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, उनमें राजकुमार पुत्र कृष्ण लाल व उसकी पत्नी पूजा रानी निवासी सिरसा शामिल हैं। प्रेम नगर सिरसा निवासी इंद्रा देवी ने बताया कि वह विधवा औरत है और उसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। उसने बताया कि उसके पति कृष्णलाल पुत्र आत्माराम की जमीन गांव मतुवाला तहसील रानियां जिला सिरसा में पड़ती थी। 7 मई 2021 को उसके पति की मौत हो गई थी। उनकी मृत्यु के उपरांत उनकी विरासत का इंतकाल नं 2186 प्रार्थीया व उसके पुत्र राज कुमार (दोषी नं 1), उषा रानी (पुत्रवधु), संगम तनेजा (पोता) व विनोद कुमारी (पुत्री) के हक में हस्सिानुसार दर्ज व मंजूर हुआ था। पुत्रवधु उषा रानी झूठे मुकदमे व झगड़े करती रही और उक्त रकबा पर न्यायालय का स्टे भी काफी समय तक चलता रहा। इसके बाद सारे मुकदमे पूजा रानी के खारिज हो गए और उपरोक्त रकबा में उषा रानी हस्सिेदार ही बनकर रही। दोषीगण के मन में बदनियती व खोट आ गया और दोषीगण ने प्रार्थीया की व उसकी पुत्री की जमीन हड़पने की साजिश रची। उन्होंने कहा कि वे इस जमीन को बेचकर और अच्छी जमीन खरीदकर दे देंगे। आरोपियों के कहे अनुसार उसने दूसरी जगह जमीन खरीदने के लिए उक्त जमीन का बेचने का इकरारनामा लिखा गया। इकरारनामे के अनुसार जमीन बेचने का सौदा 15 लाख 11 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से सुरेंद्र पुत्र राम कुमार पुत्र अमीलाल के साथ दूसरी जमीन खरीदने का लालच देकर करवाया था और इकरारनामा वाले दिन 2 लाख रुपए नकद व 18 लाख रुपए के चैक दिए गए थे। सौदे के अनुसार उसे 52 लाख 88 हजार 500 रुपए मिलने थे, इसी प्रकार प्रार्थीया की पुत्री विनोद कुमारी को भी 52 लाख 88 हजार 500 रुपए मिलने थे।

#### साजिश के तहत जमीन का इकरारनामा

आरोपियों ने साजिश के तहत इकरारनामा किया और इकरारनामा में वह राशि जो प्रार्थीया को आई उसको आरोपियों ने मिलकर लोन जो प्रार्थी के पति ने लिया था, उस खाते में 1929927 रुपए 19 अप्रैल 2023 को भर दिए और जमीन का फक लैटर बैंक ने जारी कर दिया। बैंक से फक लैटर मिलने के बाद उपरोक्त रकबा की रजर्स्ट्री पार्वती देवी पत्नी राम कुमार पुत्र अमीलाल, रेखा पुत्री दारा सिंह के नाम करवा दी। जो राशि जमीन की मिलनी थी, वो दोनों पति-पत्नी हड़प कर गए। इतना ही नहीं उसके पास जमापूंजी लगभग 1 लाख रुपए व 12 तोला सोना भी चोरी कर ले गए। इसके बाद वे घर छोडक़र चले गए। जब उन्होंने राशि बारे पूछताछ की तो दोनों ने कहा कि उन्होंने तो धोखाधड़ी करनी थी। इसके बाद उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चला, जिस पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

## किसान इंसाफ यात्रा 15 से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** गांव रोहिड़ावाली में किसानों को संबोधित करते हुए लखविंद्र सिंह।

भारतीय किसान एकता बीकेई के प्रदेशाध्यक्ष लखवद्रिं सिंह ने गांव रोहिड़ांवाली में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 मई से रोड़ी से किसान इंसाफ यात्रा शुरू की जाएगी, जिसमें किसान आंदोलन-1 व किसान आंदोलन-2 में किसानों, मजदूरों पर हुए अत्याचारों को वीडियो के माध्यम से दिखाया जाएगा। भाजपा सरकार द्वारा किए गए लाठीचार्ज, पानी की बौछारें, जहरीली गैस के गोले, सीधी गोलियां, लखीमपुर खीरी में गाडिय़ों से कुचलकर किसानों को मारने सहित हुए हर एक अत्याचार को वीडियो के माध्यम से दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में कैसे प्रवासी मजदूर अपनों की लाशें लेकर हजारों किलोमीटर पैदल गए। सरकार द्वारा अध्यापकों, आशा वर्करों, मिड डे मील वर्करों, सरपंचों, अग्निवीरों सहित सभी वर्गों पर किए गए लाठीचार्ज व अत्याचारों को भी दिखाया जाएगा। यह यात्रा सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, रोहतक व करनाल लोकसभा क्षेत्र में चलेगी। 22 मई को किसान आंदोलन-2 के 100 दिन पूरे होने पर भारतीय किसान एकता बीकेई डबवाली में बड़ा किसान स मेलन करेगी, जिसमें हजारों किसान मजदूर डबवाली पहुंचेंगे। इस मौके पर प्रधान भरत सिंह गोदारा, पूर्व सरपंच गुरदेव सिंह, हरदेव सिंह पूनिया, जगजीत सिंह, अमन गोदारा, विनोद कुमार, बाबू सिंह बराड़, अमनदीप सिंह, अनिल गोदारा, बलवंत खिचड़, कुलदीप बाना उपस्थित रहे।

### 53 बोतल अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा व एंटी नारकोटिक्सि सेल सिरसा पुलिस ने दो शराब तस्करों को 53 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर हुडा सेक्टर-19 से एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 40 बोतल अवैध शराब बरामद की है। आरोपी की पहचान रिंकू पुत्र जगतार सिंह निवासी सिकंदरपुर जिला सिरसा के रूप में हुई है। वहीं एक अन्य घटना में एंटी नारकोटक्सि सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान गौशाला मोहल्ला से लेखराज पुत्र तोताराम निवासी गौशाला मोहल्ला को 13 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मदर्स डे पर 200 महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना


**भूना।** खेल प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल नेहा रेवड़ी व ज्योति रेवड़ी।

- न्यू सनराइज स्कूल में मदर्स डे पर खेल प्रतियोगिता आयोजित
- बच्चों के जीवन में माँ के महत्व के बारे में बताया गया

न्यू सन राईज सीनियर सेकंडरी स्कूल में शुक्रवार को मदर्स डे मनाया गया, जिसमें बच्चों की माताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्कूल प्रिंसिपल नेहा रेवड़ी एवं ज्योति रेवड़ी ने स्कूल में पहुंची माताओं का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। विद्यार्थियों की माता का मनोरंजन करने के लिए अनेक प्रकार के खेल करवाएं गए, जैसे गुब्बारों के साथ कप को एकत्रित करना, कप के साथ हैप्पी मदर डे को पूरा करना, कागज के बने वायुयान को चक्र से पास करना आदि। विभिन्न खेलों में सुनीता वर्मा, अंजू देवी, पूजा देवी, आरती देवी, सुरेश देवी, सीमा देवी और सुनीता देवी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर अजय रेवड़ी व संजय रेवड़ी ने प्रतिभागी करीब 200 से अधिक सभी माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डायरेक्टर रेवड़ी ने बच्चों के जीवन में माँ के महत्व के बारे में बताया कि जननी और जन्म भूमि तो स्वर्ग से भी महान है। माँ ही बच्चे की प्रथम गुरु होती हैं। उन्हें संस्कारवान ईमानदार बनाती हैं, खुद दुख सहन करके बच्चे को सुख प्रदान करती हैं। धरती पर माँ से बढ़कर कोई भी नहीं है। इस अवसर पर सुशीला, उषा सेठी, नीलम महता, गीता, परवील सुजाता, मदान वर्मा, एकता, रितु, प्रवीन, बबीता वर्मा, प्रियंका, ममता, निर्मल कंबोज, गीता पाहवा, मंजू, पिंकी पूनिया, परमजीत, ज्योति, सुनीता, रेशमी आदि मौजूद थे।

## केजरीवाल की जमानत पर मनाया जश्न, लड्डू बांटे


**जाखल।** अरविंद केजरीवाल की जमानत पर लड्डू बांटते आप नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

- आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की जीत बताया

शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉनड्रिंग के मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के चेहरे खिल गए हैं। इसे लेकर आप पार्टी के नेताओं ने बड़ी खुशी जताई है। शहर में सुभाष चौक के नजदीक आप नेता आदित्य बंसल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शहर में पटाखे फोड़े और आतिशबाजी भी की गई। पटाखों की उठती गूंज से शहर जश्न में डूबा दिखाई दिया। अरविंद केजरीवाल की जमानत पर जाखल में आप नेता आदित्य बंसल और कार्यकर्ताओं ने अदालत का धन्यवाद करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया हैं।

आप नेता आदित्य बंसल ने कहा कि केजरीवाल सच की लड़ाई लड़ते रहे हैं, यही बात भाजपा को नापसंद है।

### सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर बोले, हमारी बहू नहीं बेटी है डॉ. मोनिका

# शादी के 7 दिन बाद नई नवेली दुल्हन बनी जिला ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** डॉ. मोनिका परिजनों के साथ।

बेटियां बोझ नहीं, वरदान है। ये शब्द सिरसा के एक परिवार ने चरितार्थ किए है। शहर के प्रेम नगर में विवाहिता की डीएचओ पद पर नियुक्ति हुई है।

विवाहिता मोनिका ने बताया कि 6 दिन पूर्व उसकी शादी सिरसा में विकास लांग्यान से हुई। आज जब परीक्षा का रिजल्ट आया तो मालूम हुआ कि उसे डीएचओ के पद पर नियुक्त किया गया है। मोनिका ने बताया कि वे डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन कन्हिी कारणों के चलते नहीं बन पाई। इसके बाद कृषि क्षेत्र चयनित किया, तो वे इस क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ती रही। अब वे डीएचओ के मुकाम तक पहुंची है। पुलिस विभाग से सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए राजकुमार ने बताया कि हमने कभी बेटी-बहु में फर्क नहीं किया। मोनिका की इस उपलब्धि में मेहनत मोनिका की है। जो अब अपनी मेहनत से मोनिका मिसाल बनी है।

#### आईपीएस विद्यालय की एलुमनाई है मोनिका

मोनिका के पति विकास लांग्यान ने बताया कि आईपीएस विद्यालय की एलुमनाई डॉ. मोनिका बागवानी विभाग में अधिकारी के पद पर चयनित हुई है। बता दे कि गांव खुडाना निवासी डॉ. मोनिका खींची एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखती है। उनके पिता नरेंद्र कुमार राजकीय विद्यालय पालड़ी में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी एक बहन गृहणी, दूसरी बहन केंद्रीय सरकार में सीनियर ऑडिटर तथा तीसरी बहन मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। छोटा भाई योगेश कुमार भी डॉक्टर मोनिका के कदमों का अनुसरण करते हुए एमएससी हॉर्टिकल्चर विषय से शोधरत है। मोनिका ने मेडिकल संकाय से 12वीं की कक्षा आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खटोड़ से करने के बाद बीएससी एग्रीकल्चर जयपुर यूनिवर्सिटी तथा एमएससी और पीएचडी चौधरी चरण सिंह कृषि वश्विवद्यिालय हिसार से की। मोनिका पहले ही प्रयास में जिला बागवानी अधिकारी के पद पर नियुक्त हुई है। जो क्षेत्र के साथ-साथ सभी के लिए गौरव की बात है। मोनिका पढने में शुरू से ही होशियार रही तथा यूनिवर्सिटी में भी वह प्रथम स्थान पर रही। बीते वर्ष केंद्रीय स्तर पर आयोजित एग्रीकल्चर विषय की संगोष्ठी में बनारस वश्विवद्यिालय में हरियाणा का प्रतिनिधत्वि करते हुए जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया था। वही सिरसा से सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि उन्होंने कभी भी बहू को बहू नहीं बल्कि बेटी माना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005